# जे.पी.एस.सी मुख्य परीक्षा-2016
# सामान्य अध्ययन (प्रश्न पत्र-IV)
# JPSC Mains Exam-2016
# General Studies
# (Question Paper-IV)

## Paper-IV

## पत्र-IV

## INDIAN CONSTITUTION AND POLITY, PUBLIC ADMINISTRATION AND GOOD GOVERNANCE

## भारतीय संविधान व राजनीति, लोक प्रशासन तथा सुशासन

## SECTION-A

## खंड-अ

**Instructions :**

*The question paper is divided into two section. The candidates will be required to answer twenty compulsory Question from Section-A and four optional questions from Section-B. There shall be compulsory twenty objective type question each of 2 marks. In addition there shall be 8 optional question in Section-B, of which condidates will be required to answer only 4 question, each of 40 marks. The optional questions shall be answered in the descriptive from.*

**निर्देश :**

*प्रश्न-पत्र दो खण्डों में विभक्त है। परीक्षार्थी को खण्ड-अ से बीस अनिवार्य और खण्ड-ब से चार वैकल्पिक प्रश्नों का उत्तर देना हे। खण्ड-अ के अनिवार्य प्रश्न में 20 वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं जिसमें प्रत्येक वस्तुनिष्ठ प्रश्न के 2 अंक है। इसके अतिरिक्त खण्ड-ब के 8 वैकल्पिक प्रश्नों में से किंही 4 का उत्तर दें। जिनमें प्रत्येक प्रश्न का 40 अंक है। वैकल्पिक प्रश्नों का उत्तर वर्णनात्मक रूप से लिखें।*

**(10 × 2 =20)**

1.(I) निम्नांकित में से कौन-सा 42 वे संविधान संशोधन के माध्यम से भारत के संविधान की 'प्रस्तावना' में जोड़ा गया था?

(a) संप्रभुता
(b) व्यक्ति की गरिमा
(c) समाजवाद, पंथनिरपेक्ष
(d) निजता

Which of the following was inserted in the 'Preamble' of the Constitution of India, through 42nd Constitutional Amendment Act?

(a) Sovereignty
(b) Dignity of person
(c) Socialist, secular
(d) Privacy

(II) 'मूल कर्तव्य' भारत के संविधान के निम्नांकित में से किस भाग में दिये गये हैं?

(a) भाग-II
(b) भाग-III
(c) भाग-IV
(d) भाग-IV क

The 'Fundamental Duties' are provided in which of the following Part of the Constituion of India?

(a) Part-II
(b) Part-III
(c) Part-IV
(d) Part-IV A

(III) निम्नांकित पर विचार कीजिये और भारतीय ससंद से सही गठन को चिह्नित कीजिये:

(a) लोकसभा एवं राज्यसभा
(b) लोकसभा + लोकसभा अध्यक्ष तथा राज्य सभा का सभापति
(c) राष्ट्रपति + राज्यसभा + लोकसभा
(d) राष्ट्रपति + उपराष्ट्रपति + राज्यसभा + लोकसभा

Consider the following and identify the correct composition of Indian Parliament:

(a) Lok Sabha and Rajya Sabha
(b) Lok Sabha + Speaker of Lok Sabha and Chairperson of Rajya Sabha
(c) President + Rajya Sabha + Lok Sabha
(d) President + Vice-president + Rajya Sabha + Lok Sabha

(IV) भारत के संविधान के सिक अनुच्छेद के अंतर्गत भारत का उच्चतम न्यायालय नागरिकों के मूल लिये विभिन्न 'रिट' जारी करने का अधिकार रखता है?

(a) अनुच्छेद-32 (b) अनुच्छेद-33

(c) अनुच्छेद-132 (d) अनुच्छेद-226

Under which of the following Article of the Constiution of India, the Supreme Court is empowered to issue different 'Writs' for the enforcement of Fundamental Rights of the citizens?

(a) Article-32 (b) Article-33

(c) Article-132 (d) Article-226

(V) भारत की प्रथम लोकसभा के पहले अध्यक्ष कौन थे?

(a) जी.बी. मावलंकर (b) एस. राधाकृष्णन

(c) जी. बी. पंत (d) सी. डी. देशमुख

Who was the first Speaker of the first Lok Sabha of India?

(a) G.V. Mavalankar (b) S. Radhakrishnan

(c) G. B. Pant (d) C.D. Deshmukh

(VI) एक विधेयक को वित्त विधेयक माना जाता है (अनुच्छेद 110 के अनुसार), यदि इसमें संबंधित प्रावधान शामिल हैं

(a) भारत सरकार के उधार लेने का नियमन

(b) भारत के समेकित निधि की निगरानी

(c) किसी राज्य के खातों (लेखों) की लेखा परीक्षा

(d) उपरोक्त सभी

A bill is deemed to be a Money Bill (as per Article 110), if it contains provisions dealing with matters relating to :

(a) Regulation of borrowing of the government of India

(b) Costody of consolidated fund of India

(c) Audit of accounts of a State

(d) All the above

(VII) भारत में राजनीतिक दलों को निम्नांकित में से किसके द्वारा पंजीकृत और मान्यता प्रदान की जाती है?

(a) राज्यों के संबंधित निर्वाचन आयोग द्वारा

(b) भारत के निर्वाचन आयोग द्वारा

(c) भारत के विधि आयोग द्वारा

(d) भारत सरकार के विधि मंत्रालय द्वारा

Political parties in India are registered and recognised by which of the followig?

(a) The Respective Election Commission of States

(b) The Election Commission of India

(c) The Law Commission of India

(d) The Law Ministry of Government of India

(VIII) भारत के संविधान की 11वीं अनुसूचि में कितने विषय सम्मिलित किये गये है?

(a) 28 (b) 29

(c) 30 (d) 31

How many items are included in the 11$^{th}$ Schedule of the Constituion of India?

(a) 28 (b) 29

(c) 30 (d) 31

(IX) भारत में राष्ट्रीय पंचायत दिवस मनाया जाता है।

(a) 26 जनवरी को (b) 2 अक्टूबर को

(c) 21 अप्रैल को (d) 24 अप्रैल को

In India, National Panchayati Raj Day is celebrated on

(a) 26 January (b) 2 October

(c) 21 April (d) 24 April

(X) भारतीय संवधिान में निम्नलिखित में से कौन-सा एक अनुच्छेद भारत में राज्य के एक राज्यपाल के रूप में एक व्यक्ति की नियुक्ति के लिये योग्यता निर्धारित करता है?

(a) अनुच्छेद 156 (b) अनुच्छेद 157

(c) अनुच्छेद 159 (d) अनुच्छेद 160

Which one of the following Article in the Indian Constitution prescribes the qualifications for appointing a person as governor of a State in India?

(a) Article 156 (b) Article 157

(c) Article 159 (d) Article 160

**(2 × 40 = 80)**

2. "भारत में मूल अधिकारों पर अत्यधिक बल दिया गया है जब कि मूल कर्तव्यों को हम महत्व दिया जाता है।" क्या आप सहमत हैं? अपने उत्तर के समर्थन में तर्क दीजिये।

"Fundamental Rights in India are over stressed while Fundamental Duties are under emphasised". Do you agree? Give reasons to support your answer.

3. विशेषकर उदारीकरण के बाद के दौर में भारतीय प्रधानमंत्रियों की शक्तियों तथा कार्यों का परीक्षण कीजिये।

Examine the powers and functions of Indian Prime Ministers especially in post liberalization era.

4. 73वें और 74वें संविधान संशोधनों ने ग्रामीण और नगरीय स्थानीय संस्थाओं के कार्यकरण में जीवन को अनुप्रेरित कर दिया हैं आलोचनात्मक विवेचन कीजिये।

The 73rd and 74th Constitutional Amendments have infused life in the working of rural and urban local government institutions. Discuss critically.

5. निम्नांकित पर टिप्पणियाँ लिखिये :

(v) जनहित मुकदमेबाजी की अवधारणा।

(c) संविधान में समानता के अधिकार की गारंटी।

Write notes on the following :

(a) Concept of Public interst litigation.

(b) Right to Equality guaranteed in the Constitution.

## SECTION-B

## खण्ड-B

**(10 × 2 =20)**

1. (I) 'पोस्डकार्ब' (POSDCORB) परिवर्णी शब्द किसने दिया?

(a) मूने (b) गुलिक

(c) उर्विक (d) हेनरी फेयोल

Who has coined the acronyam 'POSDCORB'?

(a) Mooney (b) Gulick

(c) Urwick (d) Henri Fayol

(II) निम्नांकित में से कौन-सा एक चिन्तक लोक प्रशासन तथा निजि प्रशासन में समानताओं का समर्थक है?

(a) हर्बर्ट साइमन (b) पॉल. एच. एपलबी

(c) सर जोसिया स्टाम्प (d) हेनरी फेयोल

Which one of the following thinkers favour similarities in Public Administration and Pri

(a) Herbert Simon (b) Paul H. Appleby

(c) Sir Josia Stamp (d) Henri Fayol

(III) "यदि हमारी सभ्यता विफल होती है, तो यह मुख्यत: प्रशासन के ध्वस्त होने के कारण होगा।" यह कथन दिया गया है

(a) एल. डी. व्हाइट द्वारा (b) अलैक्जेन्डर पोप द्वारा

(c) बी. डॉनहम द्वारा (d) एडमंड बर्क द्वारा

"If our civilization fails it will be mainly because of a breakdown of administration." This statement has been given by

(a) L.D. White (b) Alexander Pope

(c) B. Donham (d) Edmund Burke

(IV) रिसर्च एवं एनालिसिसि विंग (रॉ) निम्नांकित में से किसका भाग है?

(a) गृह मंत्रालय का (b) मंत्रिमंडल सचिवालय का

(c) प्रधानमंत्री कार्यालय का (d) विदेश मंत्रालय का

Research and Analysis Wing (RAW) is part of which of the following?

(a) Ministry of Home Affairs (b) Cabinet Secretariat

(c) The Prime Minister's Office (d) Ministry of External Affairs

(V) योजना आयोग को प्रतिस्थापित करते हुए निम्नांकित में से किस दिन 'नीति आयोग' अस्तित्व में आया?

(a) 15 अगस्त 2014 (b) 6 दिसम्बर 2014

(c) 1 जनवरी 2015 (d) 26 जनवरी 2015

Replacing Planning Commission on which of the following day 'NITI Aayog' came into existence?

(a) $15^{th}$ August 2014 (b) $6^{th}$ December 2014

(c) $1^{st}$ January 2015 (d) $26^{th}$ January 2015

(VI) भारत के संविधान के निम्नांकित में से किस अनुच्छेद के अंतर्गत संघ लोक सेवा आयोग और राज्य लोक सेवा आयोगों का प्रावधान किया गया है?

(a) अनुच्छेद 315 (b) अनुच्छेद 323

(c) अनुच्छेद 215 (d) अनुच्छेद 226

The Union Public Service Commission and State Public Service Commissions are provided under which of the following Article of the Constitution of India?

(a) Article 315 (b) Article 323

(c) Article 215 (d) Article 226

(VII) निम्नांकित में से कौन विकास प्रशासन की अवधारणा से संबंधित है?

(a) फ्रेड डब्ल्यू. रिग्स (b) फ्रेंक मेरिनी

(c) एल्टन मेयो (d) गेबलर आसबोर्न

Who among the following is concerned with the concept of Development Administration?

(a) Fred W. Riggs (b) Frank Marini

(c) Elton Mayo (d) Gabler Osborne

(VIII) संयुक्त राष्ट्र ने सुशासन की कुछ विशेषताओं की पहचान की है। निम्न में से कौन-सी एक उन विशेषताओं में से नहीं है?

(a) भागीदारी (b) जवाब देहिता

(c) सरकार की वैधता (d) पारदर्शिता

United Nations has identified few characteristics of Good Governance. Which one of one of those characteristics?

(a) Participation
(b) Accountability
(c) Government Legitimacy
(d) Transparency

(IX) निम्नांकित में से कौन-सा एक संयुक्त राष्ट्र द्वारा सूचीबद्ध मानवाधिकारों में से नहीं है?

(a) स्वतंत्रता और समानता
(b) जीवन तथा स्वतंत्रता का अधिकार
(c) शिक्षा का अधिकार
(d) निजता का अधिकार

Which of the following is not considered to be one of the Human Rights listed by the United Nationals?

(a) Freedom and Equality
(b) Right to Life and Liberty
(c) Right to Education
(d) Right to Privacy

(X) मार्स्टिन मार्क्स द्वारा नौकरशाही के कितने प्रकार बताये गये हैं?

(a) दो
(b) तीन
(c) चार
(d) पाँच

How many types of Bureaucracy were given by Morstein Marx?

(a) Two
(b) Three
(c) Four
(d) Five

**(2 × 40 = 80)**

2. वैश्वीकरण उपरांत की दुनिया में लोक प्रशासन के अर्थ तथा महत्त्व की विवेचना कीजिये।

   Discuss the meaning and significance of Public Administration in post globalised world.

3. कैसे सूचना के अधिकार अधिनियम, 2005 ने प्रशासन में पारदर्शिता के इच्छित लक्ष्य को प्रापत कर लिया है? यदि नहीं तो, इसके कारणों को चिह्नित करते हुए आगे के मार्ग के लिये सुझाव दीजिए।

   How the Right to Information Act, 2005 has achieved its desired objective of enhancing transparency in administration? If not, identify reasons and suggest the roadmap ahead.

4. निम्न पर टिप्पणियाँ लिखिये:

   (अ) वित्त आयोग का गठन और भूमिका।

   (ब) राज्य प्रशासन में मुख्य सचिव की भूमिका।

   Write notes on the following :

   (a) Composition and Role of Finance Commission.

   (b) Role of Chief Secretary in State Administration.

5. भारत में आपदा प्रबंधन तंत्र के संगठन तथा कार्यकरण का आलोचनात्मक विवेचन कीजिये।

   Discuss critically the organization and working of disaster management machinery in India.